पेज थ्री देहरादून
हमारा दून

बैठक के दौरान कांग्रेस नेता।



## संक्षिप्त समाचार

### फोरलेन राजमार्ग को वित्तीय स्वीकृति पर पीएम का आभार जताया

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पांवटा साहिब–बल्लुपुर राजमार्ग के उन्नयन व फोरलेन हेतु वित्तीय स्वीकृति दिए जाने को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नीतिन गडकरी का आभार जताया है। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि केंद्र सरकार के सहयोग से उत्तराखण्ड में रोड़ कनेक्टिविटी लगातार मजबूत हो रही है। गौरतलब है कि छभ्–72 के पांवटा साहिब–बल्लूपुर (देहरादून) खंड का उन्नयन और फ़ोर लेन के निर्माण के लिए 1093.01 करोड़ की लागत प्रस्तावित थी जिसके बाद केंद्र सरकार द्वार इसके लिए बजट की स्वीकृति मिल चुकी है।

### संदिग्ध हालत में युवक का शव मिलने से हड़कंप

**संवाददाता** देहरादून। थाना रायपुर क्षेत्र के अंतर्गत महाराणा स्पोर्ट्स कॉलेज के पास खाली मैदान में संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक का शव पड़ा मिले से हड़कंप मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं, पुलिस अब इस पूरे घटनाक्रम की जांच कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली थी कि महाराणा स्पोर्ट्स कॉलेज गेट नम्बर 3 के पास मैदान में एक व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है। जिसके बाद पुलिस ने घटनास्थल के आसपास जांच पड़ताल की।

### टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने की हिलक्स की कीमत रुपए 3399000 घोषित

**संवाददाता** देहरादून। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने आज मशहूर हिलक्स की वन नेशन वन प्राइस की घोषणा की। शोरूम में यह कीमत 4गुणा4 एमटी स्टैंडर्ड के लिए यह 33,99,000–रुपए है। इसे इस साल के शुरू में पेश किया गया था और इस का लक्ष्य उन ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करना है जो बेजोड़ जीवन शैली से जुड़े यूटिलिटी वाहनकी तलाश में हैं।

### जीवनसाथी खोजने में मदद करेगा जोड़ी ऐप

**संवाददाता** देहरादून। भारत की अग्रणी ऑनलाइन मैट्रिमोनी कंपनी, मैट्रिमोनी.कॉम ने आज भारतवासियों के लिये एक विशेष स्थानीय भाषा में मैचमकिंग ऐप जोड़ी के लॉन्च की घोषणा की है। यह सेवा हिन्दी के साथ साथ मराठी, बंगाली, पंजाबी, गुजराती, तमिल और तेलुगू के जैसे 9 भाषाओं में उपलब्ध है। कंपनी ने पिछले 22 वर्षों में लाखों भारतीयों को अपने जीवनसाथी ढूँढने में मदद की है। अपने इसी सफल इतिहास, और आम जनता कि अपने मातृभाषा में एक मैचमकिंग ऐप की तलाश के आधार पर मैट्रिमोनी.कॉम ने यह नई सेवा शुरू की है।

# राज्य में महंगाई के विरोध में कांग्रेसियों का जोरदार प्रदर्शन

**विरोध**

■ सिलिंडरों पर पहनाई माला, बजाई घंटियां ,भाजपा सरकार का पुतला फूंका



**संवाददाता**

देहरादून। कांग्रेस कार्यकर्ता व आम लोग अपने–अपने घरों के बाहर एवं सार्वजनिक स्थानों पर गैस सिलिंडर को माला पहनाकर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। दो से चार अप्रैल के बीच जिला स्तर पर 'महंगाई मुक्त भारत धरना एवं मार्च' आयोजित किए जाएंगे। बढ़ती महंगाई के विरोध में कांग्रेस की ओर से तीन चरणों में देशभर में 'महंगाई मुक्त भारत अभियान' के तहत विरोध प्रदर्शन करने की रणनीति है। इसी कार्यक्रम के तहत उत्तराखंड में भी जिला, विधानसभा और ब्लाक स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है।

प्रदेश महामंत्री संगठन एवं वरिष्ठ प्रवक्ता मथुरादत्त जोशी ने बताया कि कांग्रेस की ओर से देशभर में आज से कांग्रेस कार्यकर्ता व आम लोग अपने–अपने घरों के बाहर एवं सार्वजनिक स्थानों पर गैस सिलिंडर को माला पहनाकर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। इसके साथ ही ढोल–घंटियां एवं अन्य उपकरण बजाकर भाजपा सरकार का ध्यान गैस–पेट्रोल–डीजल के दामों में हुई अप्रत्याशित वृद्धि की ओर आकर्षित कर रहे हैं।

इसके बाद दो से चार अप्रैल के बीच जिला स्तर पर 'महंगाई मुक्त भारत धरना एवं मार्च' आयोजित किए जाएंगे। तीसरे चरण में सात अप्रैल को प्रदेश मुख्यालयों में राज्य स्तरीय 'महंगाई मुक्त भारत धरना एवं मार्च' का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा ने वर्ष 2014 एवं 2019 के लोकसभा चुनाव सहित देशभर में हुए विधानसभा चुनावों में जनता से पेट्रोलियम पदार्थों के दाम कम करने और महंगाई पर अकुंश लगाने का वादा किया था।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दामों में 75 प्रतिशत की कमी होने के बाद भी पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस की दरों में लगातार वृद्धि कर आम आदमी की जेब पर डाका डाला गया है। पेट्रोलियम पदार्थों के दामों में लगातार की जा रही भारी वृद्धि के कारण गरीब और मध्यम वर्ग के हितों पर भारी चोट पहुंची है।

इस दौरान धस्माना ने कहा कि पांच राज्यों के चुनाव परिणामों के बाद पूरे देश में व उत्तराखंड में जिस प्रकार से केंद्र व राज्य सरकार ने महंगाई को खूंटे से खोला आम आदमी एक बार फिर भाजपा राज में त्राहिमाम–त्राहिमाम कर रहा है और महंगाई जोंक की तरह लोगों पर चिपट कर खून चूस रही है। उन्होंने कहा कि पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों से पूर्व लगभग चार महीनों तक देश में पेट्रोल डीजल रसोई गैस के दाम स्थिर रहे लेकिन चुनाव परिणामों के आते ही भाजपा जनता की परेशानियां भूल गई है। पेट्रोल डीजल फिर सौ पार जा रहा और रसोई गैस एक हजार छू रही। खाद्य तेल ,अनाज व दालों की कीमतें भी आसमान पर हैं और आम नागरिक के घर दो समय चूल्हा जलना मुश्किल हो गया है। धस्माना ने कहा कि अब जनता की बदहाली कांग्रेस बर्दाश्त नहीं करेगी और भाजपा की इस हिटलरशाही के खिलाफ कांग्रेस एक बार फिर सड़कों पर उतरने के लिए तैयार है और आज उसकी शरुआत हो गई है।

### भाजपा राज में त्राहिमाम–त्राहिमाम

कैंट विधानसभा क्षेत्र के बल्लीवाला में प्रदेश उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना के नेतृत्व में आयोजित विरोध प्रदर्शन व पुतला दहन में भारी संख्या में कार्यकर्ता जुटे।

# कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज की रंग लाई मुहिम

**आदेश**

■ अन्य राज्यों में अधिकारियों की सी.आर. लिखने के मामलों के अध्ययन को कमेटी गठित करने का आदेश



*जिला पंचायत अध्यक्ष एवं ब्लाक प्रमुख को भी मिलेगा सी. आर. लिखने का अधिकार।*

सतपाल महाराज,
कैबिनेट मंत्री

**संवाददाता**

देहरादून। कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज की लंबे समय से शासन में सचिवों की एसीआर लिखने का अधिकार कैबिनेट मंत्रियों को दिए जाने की मुहिम रंग लाने लगी है। उनके कहने पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इसके लिए मुख्य सचिव को एक कमेटी गठित करने के भी निर्देश दिये हैं। प्रदेश के लोक जलागम प्रबंधन एवं भारत नेपाल उत्तराखण्ड नदी परियोजनाऐं मंत्री सतपाल महाराज लंबे समय से शासन में सचिवों की एसीआर लिखने का अधिकार कैबिनेट मंत्रियों को दिए जाने के साथ साथ राज्य में जिला पंचायत अध्यक्ष को जिलाधिकारी और ब्लॉक प्रमुख को बीडीओ की एसीआर लिखने का अधिकार दिये जाने की पैरवी करते आ रहे हैं। गुरूवार को चारधाम यात्रा की व्यवस्था को लेकर हुई बैठक के अंत में उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को अवगत कराते हुए बताया कि पूर्व में भी इस प्रकार की व्यवस्था रही है। कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज के विशेष आग्रह पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को मुख्य सचिव को आदेशित करते हुए कहा कि इस संबंध में तत्काल एक कमेटी बनाकर इस बात का अध्ययन किया जाए कि कौन–कौन से राज्यों में मंत्रियों को सचिवों की सी. आर.लिखने का अधिकार है। श्री महाराज ने कहा कि राज्य में हर स्तर पर जनप्रतिनिधियों को मजबूत किया जाएगा। उन्होने कहा कि कई बार अधिकारी जनता के प्रति लापरवाह हो जाते हैं। लिहाजा निर्वाचित जनप्रतिनिधि को अधिकारियों की लापरवाह कार्यप्रणाली पर अंकुश लगाने के लिए अधिकार दिए जाने के हर संभव प्रयास किए जाएंगे। ताकि कोई भी अधिकारी विकास कार्यों में लापरवाही न कर सके।

### सदस्यता अभियान को लक्ष्य तक पहुंचाने को कांग्रेस मुख्यालय में हुई बैठक

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखण्ड कांग्रेस मुख्यालय में सदस्यता अभियान की महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता ए0पी0आर0ओ0 मनोज भारद्वाज ने की। बैठक में सदस्यता अभियान के अध्यक्ष राजेन्द्र भण्डारी ने सभी प्रभारियों का स्वागत किया एवं उन्हें अभियान के उदेश्य रणनीति और लक्ष्य से अवगत कराया। बैठक में विधानसभावार और जिलेवार प्रभारियों ने प्रतिभाग किया। बैठक का मुख्य मुद्दा प्रदेश में गतिमान सदस्यता अभियान को सुगम और लक्ष्य तक पहॅुचाना था। बैठक को सभी प्रभारियों ने सम्बोधित किया। प्रभारियों ने सदस्यता अभियान के अर्न्तगत आने वाली व्यवाहरिक दिक्कतों से ए0पी0आर0ओ0 को अवगत कराया। बैठक के दौरान चुनाव में मिली शिकस्त पर भी चर्चा हुई कांग्रेस पार्टी को इस चुनौती पूर्ण समय में संगठन के भीतर ढॉचागत बदलाव की जरूरत है।




**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून
से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।